हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

10 युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी...



10 माता कैकेयी के वरदान, राजा दशरथ की व्यथा...







खबर संक्षेप

9.67 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

चरखी दादरी। जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए स्टाफ दादरी की टीम ने एक आरोपित को 9.67 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव बरसाना निवासी उमेध सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना सदर दादरी में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेलगाड़ी में सीट को लेकर हाथापाई

लोहारू। सीकर- लोहारू के बीच चलने वाली एक रेलगाड़ी में पांच छह बदमाश युवकों द्वारा सीट पर बैठने के मामले में एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला सीकर अधिकार क्षेत्र का बताकर पल्ला झाड़ लिया लेकिन बताया जाता है कि उक्त पुलिसकर्मी ने घायल युवती और उसके परिजनों को उपचार के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया। पीड़ित परिवार के लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

महिला प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस की बर्बरता

भिवानी। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हरियाणा राज्य कमेटी ने 10- 11 अक्तूबर को दिल्ली में छात्राओं और महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट, दुर्व्यवहार और जबरन हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा की है।

मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को बताया कमचारियों के हितो से खिलवाड़

मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी बैठे धरने पर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- सरकार पर लगाया नए नियमों से परेशान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन कर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रोष प्रदर्शन करते हुए जिला प्रधान रविंद्र कुमार व राज्य प्रधान शर्मिला देवी ने बताया कि सरकार द्वारा लागू की जा रही मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में एमपीएचडब्ल्यू मेल-फीमले वर्ग को शामिल करना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के हित में नहीं है। सरकार ने पारदर्शी तबादले का सपना तो दिखाया, लेकिन रेशनलाइजेशन के नाम पर पदों को कैप करने और अन्य तकनीकी गड़बडिय़ों से पॉलिसी में आदर्श जैसा कुछ नहीं है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि एमपीएचडब्ल्यू का कार्य सब-सेंटर/एचडब्ल्यूसी पर टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया/डेंगू नियंत्रण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों से सीधा जुड़ा है, जो स्थानीय स्थिरता पर टिका है। एमपीएचडब्ल्यू का कार्य समुदाय आधारित है। एक एमपीएचडब्ल्यू को अपने क्षेत्र के टीबी, बीपी, शुगर, गर्भवती महिलाओं व हाई-रिस्क बच्चों की पूरी जानकारी होती है। बार-बार तबादले से पेशेंट-प्रोवाइडर रिलेशन और फॉलो-अप का चक्र टूट जाएगा, जिसका सीधा असर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर पड़ेगा। राष्ट्रीय लक्ष्य जैसे टीबी मुक्त हरियाणा, पल्स पोलियो, मलेरिया उन्मूलन माइक्रो-प्लानिंग पर निर्भर हैं। नए क्षेत्र में जमने में 6 से 9 महीने लग जाते हैं। एचडब्ल्यूसी / आयुष्मान आरोग्य मंदिर मॉडल के तहत हेल्थ रिकॉर्ड्स और एनसीडी पॉर्टल, एनमोल ऐप पर डिजिटल एंट्री बाधित होगी। एमपीएचडब्ल्यू मेल-फीमेल को दुर्गम गांवों, कच्ची सडक़ों पर डोर-टू-डोर सर्वे करना पड़ता है। ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए दूर-दराज के जिलों में तैनाती से सुरक्षा, आवास और आवागमन की गंभीर समस्या खड़ी होगी।



भिवानी। मांगों को लेकर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शनकारियों का यह है आरोप

उन्होंने सरकार से बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने विनम्र अनुरोध किया है कि एमओटीपी प्रक्रिया से एमपीएचडब्ल्यू, एमपीएचएस वर्ग को बाहर रखा जाए और जो कर्मचारी पहले से ही दूर-दराज के जिलों में कार्यरत हैं, उन्हें अपने गृह जिले के नजदीक तबादले का अवसर प्रदान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सीपीआईएम नेता ओमप्रकाश कामरेड, सीटू के पूर्व प्रधान सुखदेव, एसकेएस के पूर्व राज्य उपाध्यक्ष सुखदर्शन, जोगेंद्र तालु स्वराज किसान सभा के राज्य नेता ने उनकी मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर राज्य प्रधान एमपीएचई एसोसिएशन शर्मिला देवी , जिला प्रधान रवींद्र सिंह , पूर्व राज्य महासचिव हरिनिवास समेत जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।

दादरी में दूसरे दिन भी चला नगर परिषद का बुलडोजर

- विरोध के बीच पुलिस बल की मौजूदगी में जारी रही कार्रवाई

चरखी दादरी। शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद की ओर से शुक्रवार को दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही। इस दौरान भगवान वाल्मीकि नगर में काफी संख्या में पक्के व अस्थाई निर्माणों को जेसीबी मशीनों की मदद से ढहा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संदीप महला ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई की निगरानी की। शुक्रवार सुबह नगर परिषद की टीम दो जेसीबी मशीनों और पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची। टीम के मौके पर पहुंचते ही आसपास के क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। कार्रवाई की शुरुआत में कुछ लोगों ने विरोध जताया।



चरखी दादरी। अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

जेसीबी देखकर खुद बाहर निकालने लगे सामान

कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों को निर्माणों की ओर बढ़ते देखकर लोग अपने घरों से सामान निकालने में जुट गए। लोग फर्नीचर, घरेलू उपयोग का सामान और अन्य कीमती वस्तुएं बाहर निकालने लगे। वहीं, नगर परिषद के भवन निरीक्षक राकेश श्योराण के अनुसार, समाधान शिविरों में गलियों, सार्वजनिक रास्तों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर अब तक 100 से अधिक अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

डीसी साहिल गुप्ता की अपील मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में करें बीएलओ का सहयोग

वोट से संबंधित फार्म सीएससी सेंटर की बजाय बीएलओ से भरवाएं: डीसी

भिवानी। लघु सचिवालय स्थित डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने बीएलए-द्वितीय के माध्यम से मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ को वोट से संबंधित आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी होती है, ऐसे में फॉर्म नंबर 6, 7 और 8 किसी भी सीएससी सेंटर से भरवाने के बजाय केवल बीएलओ से ही भरवाए जाएं, ताकि आवेदन प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी हो सके। डीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नए वोट बनाने के लिए फार्म अपने संबंधित बीएलओ के पास 20 अक्टूबर तक अवश्य जमा करवाएं ताकि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उनकी प्रक्रिया 28 अक्टूबर तक पूरी की जा सके। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह नवंबर 2026 को होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता ने बताया कि फार्म छह नए वोट बनवाने के लिए है, जिसके लिए आधार कार्ड और पेन कार्ड को छोडक़र जन्म प्रमाण पत्र के 11 दस्तावेज निर्धारित किए हुए हैं, जिसमें से आवेदन के साथ लगाए जाते हैं। नए वोट 01.07.2026 को आधार तिथि मानकर बनाए जा रहे हैं, जिनकी आयु 18 साल पूरी हो चुकी है।

नई अनाज मंडी में जलभराव का होगा स्थायी समाधान

चरखी दादरी। दादरी की नई अनाज मंडी में जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में मार्केट कमेटी और मार्केटिंग बोर्ड ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके तहत मंडी में डिस्पोजल सिस्टम विकसित किया जाएगा। पानी निकासी की व्यवस्था पर करीब चार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। वीरवार को दादरी में 20 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। इसके बाद नई अनाज मंडी के मुख्य गेट के सामने सहित कई स्थानों पर पानी भर गया। इसी दौरान जिले के प्रशासनिक सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग तथा खनन विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग ने मंडी का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मंडी सचिव को तत्काल पानी निकासी के निर्देश दिए। आयुक्त के निर्देशों पर मार्केट कमेटी की ओर से मोटर लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की गई। इसके परिणामस्वरूप 12 घंटे से भी कम समय में मंडी से पानी की निकासी कर दी गई। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निर्देशों की अनुपालना में संबंधित विभागों ने स्थाई व्यवस्था तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्तावित योजना के अनुसार मंडी में डिस्पोजल सिस्टम विकसित किया जाएगा।

4 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान



चरखी दादरी। नई अनाज मंडी से पानी की निकासी करते कर्मचारी।

जनसंवाद पोर्टल पर आने वाले मामलों का निपटारा करने पर भिवानी नंबर वन

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता की कुशल एवं त्वरित कार्यप्रणाली के चलते जन संवाद पोर्टल पर पहुंचने वाली शिकायतों का निवारण करने में जिला भिवानी प्रदेश में नंबर वन स्थान पर है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से जन संवाद व समाधान पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिला के डीसी साहिल गुप्ता की पीठ थपथपाते हुए बधाई दी। वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंवाद और समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का त्वरित एवं स्थायी समाधान करें। विकास कार्यों से संबंधित मामलों में फिजीबीलिटी रिपोर्ट अतिशीघ्र भिजवाएं। समीक्षा बैठक में डीसी श्री गुप्ता ने बताया कि विकास कार्यों से संबंधित डिमांड और शिकायत मामलों को लेकर प्रदेशभर के लोग चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिलते हैं।

चंडीगढ़ से अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता की थपथपाई पीठ

12 घंटे में चोरी की वारदात सुलझाने पर व्यापार मंडल ने पुलिस का जताया आभार

चरखी दादरी। स्थानीय बस स्टैंड रोड स्थित कपड़े की दुकान से पर्स चोरी होने की वारदात को 12 घंटे के भीतर सुलझाने पर नगर व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी से मुलाकात कर पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। व्यापारियों ने त्वरित कार्रवाई के लिए जिला पुलिस का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, गत 11 अक्टूबर को गांव मंदोला निवासी एक महिला दादरी के रावलधिया क्लोथ हाउस में खरीदारी करने आई थी। इस दौरान दुकान में अधिक भीड़ का फायदा उठाकर एक संदिग्ध महिला ने उसके थैले से पर्स चोरी कर लिया। पर्स में नकदी और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। पीड़िता की शिकायत पर थाना शहर दादरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



वंदे भारत रेलगाड़ी की चपेट में आने से दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

लोहारू। बीती देर सांय लोहारू-दिल्ली रेल मार्ग पर गांव स्योहारा के रेलवे अंडरपास के नजदीक लोहारू के दोस्तों की दिल्ली कैंट से बीकानेर जाने वाली वंदे भारत रेलगाड़ी की चपेट से आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहारू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शव गृह में रखवा। मृतक युवकों की पहचान लोहारू के वार्ड न. 12 निवासी करीब 16 वर्षीय तनिष्क और लोहारू के ही लोको कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय सतीश उर्फ सोनू के रूप में हुई है। मौत के कारणों का पता नही चल पाया है बहरहाल पुलिस ने दोनों के परिजनों की बयानों के आधार पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए। किशोर और नौजवान युवक की मौत की घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। बीती देर सांय उन्हें रेलवे स्टेशन मास्टर से गांव सोहांसरा के अंडरपास के नजदीक वंदे भारत रेलगाड़ी में चपेट में आने से किसी व्यक्ति की मौत की सूचना मिली।

ब्रह्मा कॉलोनी में व्यक्ति की संदिग्ध मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

भिवानी। दिनोद रोड स्थित ब्रह्मा कॉलोनी में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो अपने घर पर ही आटा चक्की चलाते थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के भाई और कॉलोनी की कुछ महिलाओं ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, मृतक की पत्नी और उसके पिता ने इन आरोपों को खारिज करते हुए जितेंद्र के शराब पीने के बाद छत से गिरने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं और मामले की जांच की जा रही है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच मृतक के परिजनों को घटना की सूचना मिली। सुबह करीब सात बजे स्थानीय पार्षद अनिल कुमार को भी पड़ोसी के माध्यम से जितेंद्र की मौत की जानकारी मिली। पार्षद के अनुसार, जब वह मौके पर पहुंचे तो जितेंद्र घर में फर्श पर मृत अवस्था में पड़े थे और आसपास खून बिखरा हुआ था।

गोशाला परिसर में विकसित किया पार्क, 101 फीट ऊंचा फहराया तिरंगा



बहल। श्री अलख गौशाला में गौसेवा के लिए आने वाले गौसेवकों को अब सेवा के साथ सेहत संवारने का अवसर भी मिलेगा। गौशाला परिसर में स्व. जानकीदास चौधरी की स्मृति में उनके परिवार की ओर से करीब 25 लाख रुपये की लागत से श्री नंदीशाला पार्क विकसित किया गया है। पार्क में हरियाली और शांत वातावरण के बीच लोग भ्रमण कर सकेंगे। पार्क में लोगो में राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार करने के लिए 101 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया गया है। गौशाला में लंबे समय से गौसेवक ऐसे स्थान की जरूरत महसूस कर रहे थे, जहां गायों की सेवा के बाद बचे समय में वे टहलने और व्यायाम के माध्यम से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। कुछ समय पहले बहल निवासी एवं सूरत में कारोबारी राजेश चौधरी गौशाला पहुंचे तो गौसेवकों ने उनके सामने पार्क की आवश्यकता रखी।

नालसा की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं अधिवक्ता : सीजेएम

भिवानी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) डॉ. गगनदीप कौर सिंह के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में मासिक कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधिक जागरूकता, नालसा की योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि नालसा की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिवक्ताओं और अधिकार मित्रों से आह्वान किया कि वे आमजन को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर को चेक बाउंस के मामलों को लेकर स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

- 21 नवंबर को चेक बाउंस मामलों को लेकर लगेगी स्पेशल लोक अदालत

4 करोड़ की योजना से बढ़ेगी शहर की सुंदरता

विक्टोरिया लैम्पों से जगमगाएगा रोहतक रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अब शहर की स्वच्छता को पंख लगने वाले है। शहर के प्रवेश मार्ग रोहतक रोड जल्द ही विक्टोरियां लैम्पों से जगमगाता नजर आएगा। हालांकि नगरपरिषद ने अभी इसकी प्रस्तावित योजना तैयार की है, लेकिन अगर कोई तकनीकि अड़चन नहीं आई तो इस साल के अंत में उक्त रोड के सौंदर्यकरण कार्य शुरू हो जाएगा। विक्टोरियां लैम्प ही नहीं रोड के दोनों तरफ रंगीन फुटपाथ तथा सड़क के बीच में डिवाइडर पर गमले तैयार करके उनमें फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। ताकि शहर में बाहर से आने वाले व्यक्ति को शहर खूब सूरत नजर आए। फिलहाल नगरपरिषद ने इस योजना पर कार्य करना आरंभ कर दिया है। जानकारी के अनुसार शहर के सबसे व्यस्तम प्रवेश मार्ग रोहतक रोड के सौंदर्यकरण की तैयारी शुरू कर दी है। नगरपरिषद ने इस मार्ग के दोनों तरफ रंगीन टाइलों के फुटपाथ तथा उन पर सीट भी लगाई जाएंगी। ताकि यहां से पैदल गुजरने वाले बीच में पेड़ों की छाव तले आराम कर सके। इनके साथ साथ रंगीन लाइटें लगाई जाएंगी। सड़क के बीच में बनने वाले डिवाईडर पर ईंटों के गमले बनाए जाएंगे और उनमें फूलदार पौधे रोपित होंगे। ताकि हर मौसम में उन पर आने वाले फूलों से प्रवेश मार्ग की सुंदरता बढ़े। डिवाईडर के बीचोबीच भी रंगीन लाइटें लगवाई जाएगी। ताकि इन रास्तों से गुजरने वाले हर व्यक्ति को प्रवेश मार्ग सुंदर लगे। इन सभी कार्यों पर करीब चार करोड़ रुपये की राशि खर्च होने का अनुमान है।



सड़क के बीच डिवाइडर पर बने गमले व लगे विक्टोरिया लैम्प।

जल्द ली जाएगी तकनीकी अनुमति

बताया जा रहा है कि नगरपरिषद ने उक्त प्रवेश मार्ग के सौंदर्यकरण पर खर्च होने वाले बजट का खाका व योजना तैयार करके तकनीकी अनमुति के लिए आला अधिकारियों के पास भेज दी है। तकनीकी अनुमति मिलने के बाद ही इस कार्य का टेंडर जारी होगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस प्रवेश मार्ग के निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। फिलहाल इस योजना पर कार्य चल रहा है।

क्या कहते है चेयरपर्सन प्रतिनिधि

इस बारे में नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि रोहतक रोड के सौंदर्यकरण का कार्य जल्द ही शुरू करवाए जाने की योजना है। इस मार्ग पर विक्टोरिया लैम्प, डिवाईडरों पर गमलों में बेल या फूलदार पौधे लगवाए जाएंगे। साथ ही सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ बनवाए जाएंगे। जिन पर रंगीन टेल लगवाए जाने की योजना है।

खबर संक्षेप

बाल देखभाल संस्थानों में सीसीटीवी के निर्देश

चरखी दादरी। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रदेश के सभी बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रह रहे बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को लेकर वैधानिक एडवाइजरी जारी की है। आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण ने यह एडवाइजरी बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 13(1)(a) के तहत जारी की है।

डेयरी में जानलेवा हमले के दो आरोपित गिरफ्तार

चरखी दादरी। डेयरी में घुसकर युवक पर लाठी और लोहे की सरियों से जानलेवा हमला करने के मामले में शहर थाना पुलिस ने दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपित से वारदात में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा भी बरामद किया है। इससे पहले आरोपितों को पनाह देकर छिपाने के मामले में उनके एक सहयोगी को दिल्ली से गिरफ्तार किया जा चुका है।

जनता कॉलेज में शिविर लगाकर जांचा स्वास्थ्य

चरखी दादरी। स्थानीय जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में करीब 500 विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने स्वास्थ्य जांच कराई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशन लाल और मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. बबीता शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमित जांच की सुविधा उपलब्ध कराना रहा।

नशा और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

चरखी दादरी। युवाओं को नशे से दूर रखने और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए चरखी दादरी पुलिस की ओर से शुक्रवार को तीन शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई राहुल फौगाट और दुर्गा शक्ति टीम ने एमडी कॉन्वेंट स्कूल, केसीएम स्कूल तथा एमडी अकेडमी झोझू कलां में विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। एएसआई राहुल फौगाट ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

पीएनबी की मुख्य शाखा का शैक्षणिक भ्रमण किया

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय भिवानी के वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रदीप भारद्वाज के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता की देखरेख में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने पंजाब नेशनल बैंक भिवानी की मुख्य शाखा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय सेवाओं तथा बैंक की दैनिक कार्यप्रणाली के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान को व्यावहारिक आधार प्रदान करते हैं।

ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकराने पर 1 की मौत

तोशाम। तोशाम-हांसी मार्ग पर सडक़ पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकराने पर हांसी निवासी सुनील की मौत हो गई, जबकि उसका साथी हंसराज घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में हंसराज ने बताया कि 15 अक्टूबर को वह अपने दोस्त सुनील के साथ कपास चुगने के बाद बाइक से हांसी लौट रहा था। शाम करीब सवा सात बजे तोशाम-हांसी रोड पर उनकी बाइक सडक़ पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई।

कॉमनवेल्थ और एशियाई खेलों में भिवानी की महिलाएं छाईं

युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए: श्रुति

महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कैरू में किया शहीद राजेश कुमार की की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



तोशाम। एकत्रित लोगों को संबोधित करती मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो: हरिभूमि

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने शुक्रवार को गांव कैरू में तोशाम रोड पर राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने शहीद राजेश कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया और अमर शहीद राजेश कुमार को नमन किया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने महिला राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने शहीद राजेश कुमार की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने ही शहीदों को सम्मान देने का काम किया है। इसके साथ ही सरकार शहीद के परिवारों का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा वीर जवानों की भूमि है। सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है। देश की सीमाओं की रक्षा करने में हरियाणा के जवान सबसे आगे होते हैं। यहां के वीरों ने अपनी जान पर खेल कर तिरंगे का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों की बदौलत ही आज हम सुरक्षित हैं। हमें अमर शहीदों के बलिदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने विशेष कर युवाओं से शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। केबिनेट मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा में प्रदेश, जिला भिवानी और जिला के कैरू क्षेत्र में देश की रक्षा करने वाले जाबाज सैनिको का अलग ही स्थान है। उन्होंने कहा कि शहीद राजेश कुमार ने जहां चीन बॉर्डर के मात्र 500 मीटर की दूरी पर देश की सेवा पर अपनी जान कुर्बान की है। जहां वें अपनी सेवाएं दे रहे थे वहां पर का तापमान -40 डिग्री तक जाता है। श्रुति चौधरी ने कहा कि उनके नाना ब्रिगेडियर आत्मा सिंह हमें देश सेवा के दौरान की अपनी प्रेरणादायक कहानी सुनाया करते थे। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों को देश की रक्षा के लिए किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, हमें पता है।

देश का नाम विश्व में रोशन किया

राजकीय कन्या महाविद्यालय कैरु में वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेलों में हमेशा भिवानी के खिलाड़ियों का विश्व में डंका बजा है। कॉमनवेल्थ और एशियाई खेलों में जिले के खिलाड़ियों ने देश का नाम विश्व में रोशन किया है। यहां की महिला खिलाड़ियों ने दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करवाया है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथखेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना जरूरी है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

किशोर स्वास्थ्य पर किया जागरूक

- आर्यन मॉडल स्कूल में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



चरखी दादरी। डॉ. महावीर लाकड़ा को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) चरखी दादरी और आर्यन मॉडल स्कूल के सहयोग से विद्यालय में ओजस किशोर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 10वीं से 12वीं तक के करीब 250 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किशोरावस्था के दौरान शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जानकारी दी गई। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) भिवानी शाखा के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर सिंह लाकड़ा ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान सही स्वास्थ्य शिक्षा, संतुलित पोषण, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार की जानकारी बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही ओजस पोषण, ओजस मानस, ओजस सक्षम और ओजस सुरक्षा के चार प्रमुख आयामों की जानकारी दी।

मतदाता जागरूकता रैली से मतदान के प्रति दिया जागरूकता का संदेश



भिवानी। छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी भिवानी के निर्देशानुसार राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

आवेदन की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर

भिवानी। जवाहर नवोदय विद्यालय, देवराला की ओर से सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली समानांतर प्रवेश चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 9वीं व 11वीं के लिए पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन करने का अवसर भी दिया जाएगा।

लव बियॉन्ड मेमोरी को मिल रही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान

- लेखक आयुष गर्ग ने अपनी नॉवेला कुलगुरु को भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



युवा लेखक को सम्मानित करते हुए।

युवा लेखक आयुष गर्ग ने अपनी चर्चित नॉवेला स्ट्रेंजर्सः लव बियोंड मेमोरी चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी को भेंट की। यह नॉवेला प्रेम, त्याग, स्मृति और नई शुरुआत जैसे गहन मानवीय भावों पर आधारित एक भावनात्मक कथा है, जिसमें रोमांस के साथ-साथ एक गंभीर बीमारी की मार्मिक कहानी को बड़ी संवेदनशीलता के साथ पिरोया गया है। इस अवसर पर युवा लेखक आयुष गर्ग ने अपनी लेखन यात्रा और इस पुस्तक के पीछे की प्रेरणा के बारे में कुलगुरु महोदया से साझा किया। उन्होंने बताया कि उनकी यह कृति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाठकों के बीच अपनी पहचान बना रही है। अब तक विश्व भर में इसकी 100 से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं, जिसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के पाठकों की है।

नाटक से नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



चरखी दादरी। आईटीआई में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार व मौजूद विद्यार्थी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव रावलधी स्थित शहीद नरेंद्र कुमार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत बाढड़ा, बौंद, चरखी दादरी और झोझू क्षेत्र में भी नुक्कड़ नाटकों एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों और युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में जागरूकता बढ़ाकर स्वस्थ एवं नशामुक्त हरियाणा के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के आयोजन में टाटा सत्या एलएलपी और सहयोगी संस्था आरंभ एक नई शुरुआत का योगदान रहा। जिला स्तरीय आयोजन में अविनाश चौहान की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिवम स्कूल में पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पढ़ाया पाठ



भिवानी। गांव लोहानी स्थित शिवम सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को ग्लोबल वार्मिंग व चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि राष्ट्रपति अवॉर्डी शिक्षक लक्ष्मण गौड ने शिरकत की तथा विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक निशांत तंवर ने की। कार्यक्रम संयोजक प्राचार्य संजय शर्मा रहे। गौड ने कहा कि आज वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग पूरे विश्व के लिए बहुत गंभीर समस्या बन गई है तथा पृथ्वी के तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे आने वाली पीढ़ी को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। गौड़ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण पेड़-पौधों की कमी तथा लगातार ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन है।

अंडर-15 आयु वर्ग में सोनीपत के कुणाल और गुरुग्राम की नव्या रहे विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। बैडमिंटन खेलते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 5 दिवसीय 59वीं अंडर-15 तथा अंडर-17 हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के तीसरे दिन स्थानीय बर्डी बैडमिंटन अकादमी (बजरंग बली कॉलोनी) में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल देखने को मिला। बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को डेफ ओलंपिक गोल्ड मैडलिस्ट एवं बिजली बोर्ड पंचकूला में रुपोट्स ऑफिसर अर्जुन अवॉर्डी रोहित भाकर बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे तथा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को जरूर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस आयोजन पर खुशी जताते हुए बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी के प्रधान प्रो. सुरेश गुप्ता तथा महासचिव सतवेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस खेल महाकुंभ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 800 प्रतिभावान लडक़े और लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन खेले गए विभिन्न वर्गों के मुकाबलों में खिलाडिय़ों ने अपने शानदार कोर्ट कवरेज, सटीक स्मैश से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बार एसोसिएशन के प्रधान ने किया कोर्ट परिसर का निरीक्षण

भिवानी। जिला बार एसोसिएशन भिवानी के नवनिर्वाचित प्रधान युधिष्ठिर वत्स एडवोकेट ने शुक्रवार को कोर्ट कॉम्प्लेक्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बार परिसर एवं आसपास क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सहित अनेक स्थानों पर कुछ अनियमितताएं सामने आईं। प्रधान ने अनेक समस्याओं का मौके पर ही संज्ञान लेते हुए संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर उनका तुरंत समाधान करवाया। प्रधान वत्स ने सफाई व्यवस्था में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों को स्पष्ट एवं सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बार परिसर की स्वच्छता और साफ-सफाई के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खेलकूद प्रतियोगिता में छाए विद्यार्थी

- राजकीय महाविद्यालय भिवानी में 53वीं दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ
- खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास का आधार : महेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की दौड़ स्पर्धा में भाग लेते प्रतिभागी व प्रतियोगिता में ऊंची छलांग लगाती एक प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को 53वीं दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। कार्यक्रम में भिवानी के उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) महेश कुमार मुख्य अतिथि तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य त्रिलोकचंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जगबीर सिंह श्योराण ने अतिथियों को गुलदस्ते भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. जगबीर सिंह श्योराण ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्य अतिथि एसडीएम महेश कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और निरंतर प्रयास का महत्व सिखाते हैं। खेलों में जीत और हार दोनों को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए।

समसपुर टी-पॉइंट पर रातभर सघन नाकाबंदी

- 13 वाहनों के चालान काटे, पांच संदिग्धों से पूछताछ; अपराध रोकने के लिए पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जिले में अपराधों की रोकथाम, नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए दादरी पुलिस ने बीती मध्यरात्रि को समसपुर टी-पॉइंट पर विशेष जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने 111 वाहनों की जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 13 वाहनों के चालान काटे। इसके अलावा संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे पांच लोगों को रोककर उनसे पूछताछ की गई। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशों के तहत चलाए गए अभियान का नेतृत्व डीएसपी कप्तान सिंह ने किया। इंस्पेक्टर जितेंद्र की अगुवाई में 16 पुलिसकर्मियों की टीम ने नाके पर मोर्चा संभाला। पुलिस ने आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। रात के समय संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मेटल डिटेक्टर और टॉर्च की सहायता से वाहनों की डिक्की, सीटों के नीचे तथा अन्य हिस्सों की तलाशी ली गई।

श्रीराम कथा कथा के दौरान वातावरण भक्तिमय हुआ और श्रीराम के उद्घोष गूंजने लगे

माता कैकेयी के वरदान, राजा दशरथ की व्यथा और प्रभु श्रीराम के वन प्रस्थान का हुआ भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। श्रीराम कथा में प्रवचन करते संत रामझूलन दास।

अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के पावन तत्वावधान में खाकी बाबा मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के छठे दिन पूज्य संत रामझूलन दास महाराज ने प्रभु श्रीराम के वन गमन से जुड़े मार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। माता कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से दो वरदान मांगने, प्रभु श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास मिलने, राजा दशरथ की व्यथा तथा माता सीता और लक्ष्मण के साथ प्रभु श्रीराम के वन प्रस्थान की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ अपनी श्रद्धा प्रकट की। आज की कथा में बाबा रामरूप डेरा बवानीखेड़ा से पधारे गुमानदास जी महाराज ने अपना पावन सान्निध्य दिया। संत रामझूलन दास महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, धैर्य और कर्तव्यपालन की अनुपम मिसाल है। अयोध्या में जब प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही थीं, तब माता कैकेयी ने राजा दशरथ से पूर्व में दिए गए दो वरदान मांग लिए। एक वरदान के रूप में उन्होंने भरत के लिए राजगद्दी और दूसरे वरदान के रूप में श्रीराम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांगा।

कथा के इन मार्मिक क्षणों पर गूंजे श्रीराम के नारे

संत श्री ने राजा दशरथ की व्यथा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम से वियोग का दुख उनके लिए असहनीय था। एक ओर राजा होने के नाते उन्हें अपने वचन की मर्यादा निभानी थी, तो दूसरी ओर पिता होने के नाते पुत्र से बिछडने का गहरा दुख था। यह प्रसंग मानवीय भावनाओं, वचनबद्धता और धर्मसंकट की गंभीरता को उजागर करता है। कथा के इन मार्मिक क्षणों को सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। संत श्री रामझूलन दास जी महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा हमें सिखाती है कि जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, व्यक्ति को अपने सिद्धांतों, संस्कारों और कर्तव्यों से विमुख नहीं होना चाहिए।

खबर संक्षेप

गांव सरल से 29वीं पैदल यात्रा हुई रवाना

तोशाम। गांव सरल से बालाजी धाम सालासर के लिए 29वीं पैदल यात्रा शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ रवाना हुई। यह धार्मिक यात्रा गांव सरल के बाला जी सेवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। यात्रा की शुरुआत गांव के प्रसिद्ध देवगिरी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हाथों में भगवा निशान और ध्वज लेकर जय श्री राम, जय श्री सालासर बालाजी महाराज के जयकारे लगाए, गांव का माहौल कुछ क्षणों के लिए पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

नवरात्रि मेलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें

भिवानी। डीसी एवं जिला मजिस्ट्रेट साहिल गुप्ता ने नवरात्रि पर गांव पहाड़ी माता मंदिर व गांव देवसर स्थित माता मंदिर में लगने वाले मेलों के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए संबंधित एसडीएम और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात, सफाई, पेयजल, चिकित्सा, बिजली और अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

18 अक्टूबर को इनेलो कार्यकारिणी की बैठक

तोशाम। इंडियन नेशनल लोकदल की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 18 अक्टूबर रविवार को जींद में आयोजित होगी। इस दौरान बैठक में प्रदेशभर से अनेक इनेलो पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए इनेलो के किसान प्रकोष्ठ के भिवानी जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल जन जन की पार्टी है। भाजपा से आमजन काफी परेशान है वहीं कांग्रेस भाजपा की ही बी टीम है। अतः आमजन का रुख दिन प्रतिदिन इनेलो की तरफ बढ़ता जा रहा है और अगली सरकार हरियाणा में इनेलो की ही होगी।

रोडवेज में 49 प्रशिक्षु पदों के लिए 21 तक करें आवेदन

चरखी दादरी। हरियाणा राज्य परिवहन चरखी दादरी डिपो में प्रशिक्षु के 49 पदों पर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आईटीआई पास इच्छुक उम्मीदवार प्रशिक्षुता पोर्टल पर 21 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोडवेज महाप्रबंधक नवीन शर्मा ने बताया कि भर्ती में डीजल मैकेनिक के 11, मोटर मैकेनिक के 11, फिटर के 8, वेल्डर के 4, कोपा के 1, पेंटर के 2, कारपेंटर के 3, टर्नर के 1, विद्युतकार के 6, सिलाई प्रौद्योगिकी के 1 तथा पोशाक निर्माण के 1 पद शामिल हैं।

डीएसपी बलबीर शर्मा के परिजनों को बंधाया ढांढस

भिवानी। सर्व ब्राह्मण समाज-12 गांव जनकल्याण सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व डीएसपी स्वर्गीय बलबीर शर्मा के भिवानी स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। समिति के पदाधिकारियों ने दुःख में डूबे परिवार को सांत्वना दी और इस कठिन समय में धैर्य व साहस बनाए रखने की प्रेरणा दी। समिति के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय बलबीर शर्मा को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डीएसपी बलबीर शर्मा ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान अनेक साहसिक कदम उठाए।

शारदीय नवरात्रि पर होगा 110वां भव्य महायंत्र

बवानीखेड़ा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री नारायण दत्त बालाजी मंदिर, बवानीखेड़ा में 110वें नवरात्रि महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर में पिछले 55 वर्षों से नवरात्रि के दौरान यज्ञ की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और मां दुर्गा तथा श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के पुजारी आचार्य राम लाल शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाला यह महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा का प्रतीक है।

आदर्श महिला महाविद्यालय में 'संस्कार, शिक्षा और युवा' विषय पर संत रामझूलन दास ने दिया प्रेरणादायी व्याख्यान

गुरु-शिष्य परंपरा से संस्कारवान बनता है युवा, शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण भी जरूरी: संत रामझूलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

संस्कारों से युक्त शिक्षा ही युवाओं को सही दिशा प्रदान करती है और गुरु का सान्निध्य उनके व्यक्तित्व को निखारकर जीवन में सफलता के नए मार्ग खोलता है। यह उद्गार पूज्य संत रामझूलन दास महाराज ने आदर्श महिला महाविद्यालय आयोजित 'संस्कार, शिक्षा और युवा' विषय पर आयोजित व्याख्यान के दौरान व्यक्त किए।

महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संत रामझूलन दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवावस्था जीवन का वह महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसमें सही मार्गदर्शन मिलने पर व्यक्ति अपने भविष्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। विद्यार्थियों के भीतर अपार संभावनाएं होती हैं, लेकिन इन संभावनाओं को पहचानने और उन्हें सही दिशा देने के लिए संस्कार, अनुशासन और गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। संत रामझूलन दास ने कहा कि आधुनिक युग में युवा तकनीक, प्रतियोगिता और करियर की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन इस दौड़ में संस्कारों और मानवीय मूल्यों को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब वह व्यक्ति को विनम्रता, ईमानदारी, सेवा, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान का भाव भी सिखाए। केवल ज्ञानवान होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस ज्ञान का उपयोग समाज और मानवता के कल्याण के लिए करना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करें।



भिवानी। कॉलेज में एकत्रित छात्राओं को संबोधित करते संत। फोटो: हरिभूमि

छात्रों के भीतर भविष्य में सोना बनने की अपार संभावनाएं

संत रामझूलन दास ने एक प्रेरक उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया कि किसी व्यक्ति की वास्तविक श्रेष्ठता केवल उसकी वर्तमान स्थिति से नहीं, बल्कि उसकी भविष्य में आगे बढ़ने की संभावनाओं से तय होती है। उन्होंने लोहे और चांदी का उदाहरण देते हुए बताया कि देखने में चांदी अधिक मूल्यवान प्रतीत होती है, लेकिन लोहे में पारस के संपर्क में आकर सोना बनने की संभावना की कल्पना की जाती है, जबकि चांदी चांदी ही रहती है। इस उदाहरण के माध्यम से उन्होंने समझाया कि किसी वस्तु या व्यक्ति का महत्व केवल उसके वर्तमान स्वरूप से नहीं, बल्कि उसमें छिपी संभावनाओं और परिवर्तन की क्षमता से भी आंका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भी लोहे के समान हैं, जिनके भीतर भविष्य में सोना बनने की अपार संभावनाएं छिपी होती हैं। जब विद्यार्थी अपने गुरु के संपर्क में आते हैं, उनके अनुभवों से सीखते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं, तो उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आने लगता है। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने संत श्री रामझूलन दास जी महाराज का परिचय करवाते हुए उनके आध्यात्मिक व्यक्तित्व एवं विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने संत रामझूलन दास महाराज का महाविद्यालय में पधारकर अपने दिव्य विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय शिक्षक स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

पराली के उचित प्रबंधन के लिए किसानों के घर पर जाएंगे नोडल अधिकारी

धान की पराली में आग लगाई तो होगा मुकदमा दर्ज: एसपी

105 गांवों में 54734 एकड़ में हुई धान की खेती से 82 हजार एमटी पराली उत्पादन का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पंचायत भवन में डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बवानीखेड़ा, भिवानी और तोशाम क्षेत्र के धान उत्पादक 73 संवेदनशील गांवों के सरपंचों, ग्राम सचिवों के साथ पुलिस, राजस्व, पंचायत और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीसी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गांवों में नियुक्त नोडल अधिक धान की फसल उगाने वाले किसानों के घर जाएं और उनको पराली नहीं जलाने व पराली का उचित प्रबंधन करने के लिए जागरूक करें।

वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पराली जलाने से एक तरफ जहां पर्यावरण प्रदुषित होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी साहिल गुप्ता ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे फसल अवशेषों को आग लगाने की बजाय उनका उचित प्रबंधन करें। पराली जलाने से पर्यावरण प्रदुषित होता है, भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है और मिट्टी में मौजूद लाभदायक कीट-पतंगे नष्ट हो जाते हैं। कार्यक्रम में एसपी मयंक मिश्रा ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पराली को आग लगाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निगरानी के लिए पुलिस विभाग द्वारा टीमें गठित की गई हैं, जो आग लगने की सूचना मात्र से मौके पर पहुंचेगी, ऐसे में किसान पराली का उचित प्रबंधन करें व अपना कीमती समय थाने या कोर्ट में खर्च न करें।



भिवानी। पराली प्रबंधन को लेकर सरपंच, ग्राम सचिव व अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त साहिल गुप्ता।

पराली का प्रबंधन कर किसान उठाएं लाभः सिहाग

कृषि विभाग के उपनिदेशक राजेश सिहाग व कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया कि जिले में इस साल 105 गांवों में कुल 54,734 एकड़ क्षेत्र में धान की खेती है। लगभग 85 हजार मीट्रिक टन पराली उत्पादन होने का अनुमान है। वहीं 85 प्रतिशत धान की हाथ से कटाई होगी और 15 प्रतिशत मशीनों से कटाई होगी। हाथ से कटाई होने पर 500 से 600 रुपये प्रति क्विंटल फसल अवशेष चारे के लिए बिक्री होता है, जबकि मशीन से कटाई से बेल बनाई जाती है, जो 270 रुपये प्रति क्विंटल बिकती हैं। जिले में गांव दिनोद में जैमको पावर प्लांट को हर साल 50 हजार मीट्रिक टन पराली की डिमांड होती है तथा गांव ढाणा नरसान में ज्योति एनर्जी पावर प्लांट को 90 हजार मीट्रिक टन पराली प्रतिवर्ष पराली की डिमांड होती है। जिले में 10 हजार मीट्रिक टन बेल बनने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि इनसीटू से 45 हजार मीट्रिक टन पराली खेत की मिट्टी में मिल जाएगी। चारे के लिए 30 हजार मीट्रिक टन और बेल बनाने में 10 हजार मीट्रिक टन पराली लग जाएगी।

पराली को आग लगाई तो किसान को होगा भारी नुकसान

पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 173 नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा गांव, ब्लॉक, उपमंडल और जिला स्तर पर निगरानी के साथ मोबाइल टीमें भी गठित की गई हैं। मोबाइल टीमें खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखेंगी। पराली को आग लगाने से बचाने के लिए साहिल गुप्ता द्वारा जिले में धारा 163 लागू की गई है। पराली जलाने पर 5 से 30 हजार रुपये तक जुर्माना, एफआईआर तथा मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रेड एंट्री दर्ज करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। आगामी दो वर्षों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बेचने पर प्रतिबंध का प्रावधान है। वहीं डीसी ने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर पंजीकृत धान वाले ऐसे किसान, जो पराली को आग नहीं लगाते हैं, उन्हें सरकार द्वारा 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है। जिले में पिछले साल पराली नहीं जलाने वाले करीब 14 हजार किसानों को कुल आठ करोड़ 40 लाख रुपये की राशि मिली हैं।



तोशाम। आयोजित पुराने सामान की प्रदर्शनी का अवलोकन करती मंत्री।

हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स संस्कार और सेवा की अविरल धारा : श्रुति चौधरी

तोशाम। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स केवल एक संस्था नहीं, बल्कि संस्कार और सेवा की एक अविरल धारा है। यह अनुशासन का सौपान भी है। हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के कैडेट्स के लिए देशभक्ति कहने की बात नहीं बल्कि देशभक्ति का प्रमाण हैं। कोरोना काल में लोगों की सेवा और पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण में कैडेट्स ने मिसाल पेश की है, जो सराहनीय है। सरकारी/गैर सरकारी संगठनों, सरपंचों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे बच्चों और युवाओं को सभी प्रकार की सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन हेतु प्रशिक्षित कर तैयार करें, ताकि वे देश और समाज से कुरीतियों को समाप्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें और अधिक से अधिक पौधारोपण करें। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को गांव जूई में हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थी।

बच्चों पर अपने सपने थोपने के बजाय उनकी प्रतिभा पहचानें अभिभावक: सांगवान

- करियर चयन में रुचि, योग्यता और क्षमता को दें प्राथमिकता, बदलते दौर में बढ़े हैं रोजगार के विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चों के करियर को लेकर अभिभावकों की चिंताएं बढ़ रही हैं। दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम आने के बाद अधिकांश परिवारों में बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने की चर्चा शुरू हो जाती है। कई बार माता-पिता की अपेक्षाएं, सामाजिक प्रतिष्ठा और उनके अधूरे सपने बच्चों की वास्तविक रुचि पर हावी हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि करियर का चुनाव करते समय बच्चे की रुचि, योग्यता और क्षमता को प्राथमिकता दी जाए। यह विचार आ ई आ र ए स अधिकारी एवं सीएस मार्गदर्शन के संस्थापक विकास सांगवान ने व्यक्त किए। विकास के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा और कार्यक्षमता अलग होती है। किसी बच्चे की रुचि चिकित्सा के क्षेत्र में हो सकती है, तो कोई मशीनों, तकनीक, रचनात्मक कार्यों या नई खोजों में अधिक दिलचस्पी रखता है। अभिभावकों को बच्चों की इच्छाओं को समझते हुए उन्हें अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर देने चाहिए। उन्होंने एक उदाहरण के माध्यम से बताया कि एक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे। बचपन से ही परिवार में बेटे के डॉक्टर बनने की चर्चा होती रही। पढ़ाई में अच्छा होने के कारण पिता को विश्वास था कि उनका सपना पूरा होगा। हालांकि, बेटे की रुचि मशीनों को समझने, उपकरणों की कार्यप्रणाली जानने और नई चीजें बनाने में थी। जब उसने डॉक्टर बनने के बजाय कुछ नया बनाकर लोगों की सेवा करने की इच्छा जताई, तो पिता निराश हुए। बाद में उन्हें समझ आया कि बेटा अपने पिता के सपने से दूर नहीं जा रहा, अपनी अलग पहचान बनाने का प्रयास कर रहा है।



विकास सांगवान

मनुष्य को सही मार्ग दिखाने वाला जीवंत ग्रंथ है श्रीराम का जीवन आदर्श: आईजी

श्रवण लीला व श्रीराम-भरत मिलाप का मंचन, उमड़ी भीड़

सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प रामलीला मंचनः विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सेठ किरोड़ीमल पार्क में श्रीअग्रसेन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय संपूर्ण रामलीला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के पांचवें दिन दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। मंच पर श्रवण कुमार की लीला, दशरथ परलोक गमन व चित्रकूट में श्रीराम मिलाप के मर्म स्पर्शी दृश्यों का मंचन किया, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जीवंत और सजीव दृश्यों ने उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सान्निध्य विधायक घनश्याम सर्राफ का रहा और शुभारंभ बतौर मुख्यतिथि पीटीसी सुनारिया से आईजी अशोक रोड, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी दीपक गर्ग, सुशील गुप्ता, विष्णु केडिया ने द्वीप प्रज्वलित करके और भगवान श्रीराम के चरणों में नमन करके किया।



भिवानी। रामलीला महोत्सव में श्रवण कुमार की मृत्यु पर विलाप करते उनके माता पिता व पश्चाताप करते राजा दशरथ। फोटो : हरिभूमि

दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक उत्साह चरम पर रहा और दर्शकों ने बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला कमेटी के प्रधान विजय बंसल ने कहा कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य भिवानी की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को जीवंत रखना तथा आने वाली पीढ़ी को भगवान श्रीराम के पावन चरित्र से जोड़ना है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति की गहराई को समझती है और जीवन में अच्छे संस्कारों को अपनाती है। अतिथियों ने श्रीअग्रसेन रामलीला कमेटी के प्रयासों की प्रशंसा की। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी प्राचीन संस्कृति, संस्कारों व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का बेहद सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मंचन मात्र नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने वाला जीवंत ग्रंथ है, जो समाज में प्रेम, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है।

न्यूज डायरी



छात्रों को पॉक्सो एक्ट के बारे में किया जागरूक

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में देवसर गांव के राजकीय वमा विद्यालय में पॉक्सो एक्ट के प्रति व स्वयं सहायता समूहों के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार तेवतिया के मार्गदर्शन तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र कुमार और संरक्षण अधिकारी व एजेंसी पर्यवेक्षक संदीप कुमार की देखरेख में हुआ। साहिल, अक्षय, मुस्कान, रीना, मोनिका, अजय, गुरदास, नवीन, शालू, रवीना व निकिता ने सक्रिय भूमिका निभाई।



बीके विद्यालय में अंग्रेजी कहानी प्रतियोगिता

बवानीखेड़ा। बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में कनिष्ठ विभाग प्रमुख मंजू मलिक की देखरेख में कक्षा प्रथम से द्वितीय तक अंतर्सदनीय अंग्रेजी कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कहानियों का विषय शिक्षा को बढ़ावा देने एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने से रहा। विद्यार्थियों ने बहुत ही मनमोहक तरीके से अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। कक्षा प्रथम में प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा -नालंदा सदन से दिव्यांश प्रथम, शांतिनिकेतन सदन से अनिरुद्ध द्वितीय, तक्षशिला सदन से अनीशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह, शिक्षिका हेमलता, दीप्ति, अनीता, आशा आदि प्राथमिक विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

चांग में पहली बार होगा भव्य द डांडिया फेस्ट

भिवानी। चांग क्षेत्र में पहली बार महिलाओं एवं युवतियों के लिए 18 अक्टूबर रविवार को सायं 6 बजे से द डांडिया फेस्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम आइडियल स्कूल में होगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस विशेष आयोजन को सफल, व्यवस्थित और यादगार बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान आयोजकों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा मंच व्यवस्था, सजावट, सुरक्षा, अतिथियों के स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हड़ौदी के स्कूल ने छह स्पर्धाओं में प्रथम स्थान

चरखी दादरी। चरखी दादरीदादरी के शहीद दलबीर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 का समापन हो गया। हरियाणवी लोक संस्कृति पर आधारित उत्सव में जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, रागनी और लघु नाटिका में प्रतिभा दिखाई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हड़ौदी ने आठ में से छह स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया।समापन समारोह में विद्यार्थियों ने 'मैं हूं छोरा हरियाणे का' और 'देशां में देश हरियाणा' जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि रहे। कनिष्ठ वर्ग में तीन विधाओं में प्रथम, वरिष्ठ वर्ग में भी हड़ौदी का प्रदर्शन उत्तम रहा।

शिक्षक भर्तियों पर टीईटी की शर्त का विरोध

चरखी दादरी। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान संजय शास्त्री ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 से पहले भर्ती हुए शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की शर्त लागू करने को अव्यावहारिक बताते हुए इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर यह शर्त लागू करना अनुचित है। इससे देशभर के 25 लाख से अधिक शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। संजय शास्त्री शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति कन्या प्राथमिक पाठशाला दादरी में आयोजित अध्यापक प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

शिकायतों का समयबद्ध समाधान करें अधिकारी

चरखी दादरी। मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एके सिंह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को एक ही समस्या के लिए बार-बार समाधान शिविर या सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज न करवानी पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निपटारा करते समय शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकारी शिकायतकर्ताओं को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनें और समाधान की प्रक्रिया पूरी करें।

खर-दूषण वध, सीता हरण प्रसंग ने मोहा

बहल। श्री रामलीला नाट्य कला केंद्र की ओर से श्री कृष्णः वाटिका में आयोजित रामलीला में बुधवार रात शूर्पणखा प्रसंग, खर-दूषण वध, सीता हरण और शबरी-श्रीराम मिलन सहित रामकथा के महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवादों और भावपूर्ण प्रस्तुति से कहीं वीरता का ओज दिखाया तो कहीं विरह की वेदना और भक्ति की निर्मल भावना को मंच पर साकार किया। लीला की शुरुआत शूर्पणखा प्रसंग से हुई। शूर्पणखा के व्यवहार और लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक काटे जाने की घटना के बाद खर-दूषण के साथ युद्ध का प्रसंग दिखाया गया।

सीता हरण तक की लीला का मंचन

चरखी दादरी। श्री रामलीला कमेटी पुराना शहर की ओर से आयोजित रामलीला में वीरवार रात कलाकारों ने पंचवटी प्रसंग से लेकर सीता हरण तक की लीलाओं का मंचन किया। कलाकारों ने श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वन गमन, महर्षि अत्रि के आश्रम में आगमन, शूर्पणखा प्रसंग, खर-दूषण वध और रावण द्वारा सीता हरण के दृश्यों को मंच पर प्रस्तुत किया। रामलीला की शुरुआत मैनेजर कृष्ण राव, मोहित फोगाट, पूर्व पार्षद सुभाष स्वामी, पूर्व पार्षद पवन बंसल और रिंकू बंसल की उपस्थिति में हुई। मंचन के दौरान दिखाया गया कि वनवास के समय श्रीराम, सीता और लक्ष्मण पंचवटी जाते हुए महर्षि अत्रि के आश्रम पहुंचते हैं। वहां महर्षि अत्रि उनसे धर्म चर्चा करते हैं, जबकि उनकी पत्नी अनुसूया माता सीता को पतिव्रत धर्म के बारे में विस्तार से समझाती हैं।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

DUSSEHRA DHAMAKA SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

17 Oct to 20 Oct

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● ELENTA का वादा, बचत सबसे ज़्यादा I

आपको और आपके परिवार को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!

MEWA WALA DRYFRUITS — UPTO 50% OFF
KHUSHI`S MASALE — BUY 1 GET 1 FREE
COMPLAN ROYAL CHOCOLATE 700 G — BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE

FRESCA / MANIA 1 LTR — BUY 1 GET 3 FREE
PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 FREE
DEEHAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR — ₹79
REDBULL — MRP - ~~₹125~~ ₹99
PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L — ₹79
MINCHY'S JUICE — BUY 1 GET 1 FREE

MCCAIN 1.25 KG — BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA PACK OF 24 — MRP -~~₹240~~ ₹190
TIP TOP / FUN FLIP — BUY 1 GET 1 FREE
UTSAV PAPAD — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KAJU 250 GM — BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA — BUY 2 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE

XCITE NOODLES (330 G) — BUY 1 GET 1 FREE
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
APIBEE HONEY — BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA FUSILLI 450GM — BUY 1 GET 2 FREE
GOOD LUCK NAMKEEN — BUY 1 GET 2 FREE
COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS — BUY 1 GET 1 FREE

REAL MASALA JUICE — BUY 1 GET 1 FREE
BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM — BUY 1 GET 2
NISHA BISCUIT 300GM — BUY 1 GET 2
FORTUNE MUSTARD OIL 1L — MRP -~~₹230~~ ₹195
FORTUNE AATA 10KG — MRP -~~₹485~~ ₹415
SHILLS WIPES / MASK — BUY 1 GET 2 FREE
MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM — ₹59

TOP / MOTHER PICKLE 950G — BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1 KG — MRP -~~₹150~~ ₹105
AASHIRVAAD ATTA 10KG — MRP -~~₹499~~ ₹445
PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM — BUY 1 GET 2 FREE
LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N — BUY 1 GET 2 FREE
EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
KTRIQ / IHP — BUY 1 GET 1 FREE

Address - Meham Gate, Circular Rd, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91 99960 31240
SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T& C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.